# इंजीनियर्स व ठेकेदार की मनमानी के कारण करधनी में 2 साल बेवजह अटकी रही सड़क

## टैंडर की शर्तों के मुताबिक दिसंबर 2021 में सड़क निर्माण शुरू कर जून-2022 तक काम पूरा करना था, दो वर्ष की इस लेटलतीफी का खामियाजा जनता ने भुगता

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । करधनी क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर मजेदार तथ्य सामने आये हैं। जयपुर विकास प्राधिकरण ने करीब 2 करोड़ रु. की लागत से सड़क बनाने का कम वर्ष 2021 में ही मैसर्स गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शंस कंपनी को दे दिया था। ठेकेदार को 18 दिसंबर 2021 को सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाकर उसे 17 जून 2022 तक पूरा करना था। इसके बाद 3 वर्ष तक सड़क का मेंटीनेंस करना था।

सूत्रों की मानें तो ठेकेदार फर्म ने करधनी क्षेत्र में यह सड़क बिना वजह करीब 2 वर्ष तक अटकाये रखी, इसके बावजूद जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने ना तो ठेकेदार को कोई नोटिस थमाया और ना ही ब्लैक लिस्टेड करने जैसी कार्रवाई की। अब करीब सवा 2 साल बाद उसी पुराने वर्क ऑर्डर पर करधनी क्षेत्र में डामर की सड़कें बनाई गई है। हालांकि दो वर्ष में डामर की कीमतों में वृद्धि के कारण जे.डी.ए. को करीब एक करोड़ रु. का एक्सलेशन चार्ज भी देना पड़ेगा। जो कि डामर की कीमत में अंतर के कारण आया है।

उधर जे.डी.ए. के इंजीनियर्स का कहना है कि करधनी क्षेत्र में गत वर्ष जलदाय विभाग और टोरेंट गैस कंपनी ने रोड कट किया था, इस कारण यह सड़क हमने अब बनाई है। जबकि हकीकत यह है कि सड़क निर्माण का कार्य तो मैसर्स गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शंस को दिसंबर-2021 में ही शुरू करना था। ऐसे में गत वर्ष के रोड कट का तो इस पर कोई प्रभाव ही नहीं पडना था।




- **इंजीनियर्स ने करीब सवा 2 वर्ष पुराने वर्क ऑर्डर पर मैसर्स गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी से सड़क अब बनवाई हैं, लेटलतीफी पर ना तो फर्म को नोटिस थमाया और ना ही ब्लैकलिस्टेड किया**
- **अब इंजीनियर्स अपनी गलती पर पर्दा डालने के लिए कह रहे हैं कि, गत वर्ष करधनी में जलदाय विभाग और टोरेंट गैस कंपनी ने रोड कट ले लिया था, इस कारण हमने सड़क नहीं बनाई**
- **सूत्रों की मानें तो करधनी क्षेत्र में जे.डी.ए. ने बाकायदा बोर्ड लगाकर सड़क निर्माण कार्य शुरू और खत्म करने की तारीख दो वर्ष पूर्व की लगा रखी है, ठेकेदार को 3 वर्ष सड़क का मेंटीनेंस करना है, इसलिए जानबूझकर यह काम देरी से शुरू हुआ**

सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. के इंजीनियर्स और ठेकेदार फर्म ने जान-बूझकर सवा 2 साल बाद सड़क निर्माण इसलिए शुरू किया है, ताकि उसे 3 वर्ष के लंबे मेंटीनेंस की जिम्मेदारी नहीं लेनी पड़े। क्योंकि जे.डी.ए. प्रशासन ने करधनी क्षेत्र में इस सड़क निर्माण प्रोजेक्ट को लेकर जो सूचना बोर्ड लगाए हैं, उस पर साफ अंकित है कि करधनी क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण का काम 18 दिसंबर 2021 को शुरू होना है और 17 जून 2022 को सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण होगा। सड़क बनने के बाद 3 वर्ष तक यानि कि जून-2022 से लकर जून-2025 तक ठेकेदार फर्म इस सड़क में होने वाली टूट-फूट का रखरखाव करेगा। चूंकि अब यह सड़क मार्च-अप्रैल 2024 में बनी है तो इसके रखरखाव का जिम्मा वर्ष 2027 तक का होना चाहिए। चूंकि जे.डी.ए. ने करधनी क्षेत्र में 2 वर्ष पुरानी तारीख में ही सड़क निर्माण प्रोजेक्ट के बोर्ड लगवा दिए, ताकि लोगों को लगे कि सड़क का मेंटीनेंस वर्क सिर्फ जून-2025 तक का ही रहेगा।

स्थानीय लोगों की मानें तो करधनी क्षेत्र में हाल ही में बनाई गई सड़क की गुणवत्ता भी सही नहीं है। डामर की मोटाई भी कम है। डामर की मोटाई कम होने से सड़क फिर से बिखरने का खतरा बना हुआ है।

वहीं दूसरी ओर जोन-7 के सहायक अभियंता का कहना है कि हमने सड़क की जांच की है, उसकी गुणवत्ता ठीक है। एम.एन.आई.टी. से थर्ड पार्टी जांच भी करायी है।

# भांकरोटा थाने के पुलिसकर्मियों ने बेटे के सामने उसके सी.ए. पिता को पीटा

## बुजुर्ग महिला के साथ भी की हाथापाई; 4 लोगों को किया गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में पुलिसकर्मियों का अमानवीय चेहरा सामने आया है। पुलिसकर्मियों ने एक सीए को उसके बेटे के सामने बुरी तरह से पीटा। पिता को छुडाने के लिए बच्चे ने पुलिसकर्मियों के पैर तक पकड़ लिए, लेकिन पुलिसकर्मियों का दिल नहीं पसीजा और सीए को बुरी तरह पीटते रहे। घटना भांकटरोटा क्षेत्र के जयसिंहपुरा की है। पुलिसकर्मियों की मारपीट में सीए गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस परिवार के 4 लोगों को गिरफ्तार कर थाने ले गई। यहां तक कि परिवार की महिलाओं से भी हाथापाई की गई है।

जानकारी के अनुसार जयसिंहपुरा निवासी चिरंजीलाल (35) सीए है। एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। चिरंजीलाल की शादी 9 साल पहले डिंपल के साथ हुई थी। दंपती के बीच 1 साल से विवाद चल रहा है। मंगलवार को डिंपल भांकरोटा थाना पुलिस के साथ अपने ससुराल पहुंची। परिवार के लोग घर पर नहीं थे। डिंपल ने मकान का ताला तोड़ने की कोशिश की। पडौसियों ने इसकी सूचना चिरंजीलाल को दी। चिरंजीलाल मौके पर पहुंचा। पुलिस और अपनी पत्नी से ताला तोड़ने का कारण पूछा तो पुलिसकर्मियों ने चिरंजीलाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि पिता के साथ मारपीट होने पर बेटे गौरांश शर्मा (7) ने एक पुलिसकर्मी का पैर पकड़कर पिता को छुडाने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों का दिल नहीं पसीजा। मारपीट करते हुए पुलिसकर्मी चिरंजीलाल को अपनी गाड़ी तक लेकर आए। परिवार की महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को रोका तो महिला पुलिसकर्मी ने बुजुर्ग महिला के साथ हाथापाई कर दी। यही नहीं पुलिसकर्मी चिरंजीलाल के पिता शंकर लाल शर्मा, चाचा रमेश शर्मा और भाई बाबूलाल शर्मा को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिसकर्मियों की मारपीट से चिरंजीलाल के हाथ पर गंभीर चोट लगी और उसकी आंख सूज गई है। घटना गंभीर, विभागीय जांच के दिए आदेश डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि घटना बहुत गंभीर है। पुलिसकर्मियों का कृत्य गलत है। इसकी विभागीय जांच के आदेश कर दिए है। बताया जा रहा है कि भांकरोटा थाने के हैड कांस्टेबल सुनील और कांस्टेबल राजपाल को इस मामले में सस्पैंड कर दिया गया है। मामले की जांच एडिशनल डीसीपी गुरुशरण राव को सौंपी गई है।

- **पति-पत्नी के बीच विवाद में महिला के साथ उसके ससुराल पहुंची थी पुलिस**
- **बताया जा रहा है कि युवक को पीटने वाले भांकरोटा थाने के हैडकांस्टेबल और कांस्टेबल को सस्पैंड कर दिया गया है**

## राज्यपाल ने महायज्ञ पूर्णाहुति में भाग लिया

**जयपुर** । राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को सीतापुरा में आयोजित जनकल्याणार्थ पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति में भाग लिया। मिश्र ने कहा कि यज्ञ "वसुधैव कुटुंबकम्" की भारतीय संस्कृति की वह जीवंतता है, जिसमें अपने लिए ही नहीं सबके कल्याण का भाव रखते कार्य करने का भाव समाया हुआ है।

# युवक की हत्या कर शव प्लॉट में फेंका

**जयपुर** (कासं)। विधायकपुरी थाना इलाके में स्थित एम.आई. रोड पर आकाशवाणी के सामने बुधवार सुबह एक युवक की हत्या कर शव फेंकने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि मृतक का गला मफलर से बंधा हुआ था। जिस पर पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम के साथ-साथ डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया। दोनों ही टीम ने पुलिस के साथ मिल कर मौके से साक्ष्य लिये। साथ ही पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आई। पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया कर जांच में जुट गई। पुलिस ने बताया कि आकाशवाणी के सामने खाली प्लाट में यह शव मिला था। जिस पर लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी थी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। वहीं मृतक की उम्र करीब 40-45 के करीब हैं और मृतक के गले में मफलर बंधा हुआ हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मौत गला घुटने से हुई हैं। पुलिस ने आसपास के इलाकों में मृतक की फोटो को भेज कर थानों में दर्ज गुमशुदगियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही हैं।

- **एम.आई. रोड पर आकाशवाणी के सामने बुधवार सुबह मिला शव**
- **मृतक के गले पर मफलर बंधा था, प्रारंभिक जांच में मौत गला घुटने से होना सामने आया**

## श्री राजपूत सभा के सम्मेलन में 13 जोड़ों का पाणिग्रहण

**जयपुर,** (का.सं.)। श्री राजपूत सभा ने रामनवमीं के अवसर पर 13 जोडों के विवाह "श्री राजपूत सभा जगतपुरा छात्रावास" महल योजना, "ए" ब्लॉक विस्तार, जगतपुरा (जयपुर) में परम्परागत राजपूती रीति रिवाज से सम्पन्न करवाये गये। राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई एवं कार्यकारिणी समिति पदाधिकारियों-सदस्यों ने इस मांगलिक वैवाहिक आयोजन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, खाटू श्याम मंदिर समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, महामण्डलेश्वर बालमुकुन्द आचार्य महाराज, (बालाजी धाम हाथोज,) एवं मौरिसिस से पधारे गहलोत राजपूत महासभा अध्यक्ष केविन रघुनाथ का साफे, शॉल, स्मृति चिन्ह, बुके देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मंचस्थ अतिथियों ने संक्षिप्त उद्बोधन में नव विवाहित दम्पतियों को आशीर्वचन और उज्ज्वल एवं सुखद गृहस्थ जीवन के लिए शुभकामनायें प्रदान की। सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई ने बताया कि उक्त सामूहिक विवाह सम्मेलन में आर्थिक दृष्टि से अक्षम, बीपीएल, विधवा-विकलांग अभिभावकों के बच्चों के निःशुल्क विवाह करवाये गये (इनमें एक दुल्हा दिव्यांग था) और सभा व दानदाताओं के सहयोग से लगभग 2 लाख राशि का साजो सामान (उपहार / स्त्रीधन) जैसे दुल्हनों को सोनें की नाक की लोंग, कान की लोंग, राखडी, गले का पैण्डल, चांदी की पाजेब जोडी, बिछिया जोडी आभूषण एवं कुल 44 प्रकार के घरेलू आवश्यक समान प्रत्येक जोडे को प्रदान किये गये।

इस मांगलिक अवसर पर सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सहमंत्री मोहन सिंह बगड, कोषाध्यक्ष प्रधुमन सिंह मूंडरू, कार्यकारिणी सदस्य हेमेन्द्रकुमारी दूदू पृथ्वी सिंह कालीपहाडी, विरेन्द्र पाल सिंह, जोगेन्द्र सिंह सावरदा, एडवोकेट गजराज सिंह कैलाई, जितेन्द्र सिंह शेखावत, लोकेन्द्र सिंह लोटवाडा, हर्षवर्धन सिंह शेखावत, मूल सिंह शेखावत, महेन्द्र सिंह भंवरथला, श्रवण सिंह चौहान, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, श्रवण सिंह बगड़ी भाजपा प्रदेश महामंत्री मौजूद थे।

## वालमार्ट मार्केट प्लेस ने लॉन्च किया "लैंडिंग पेज"

**जयपुर,** (का.सं.)। वालमार्ट ने आज भारतीय विक्रेताओं के लिए कंपनी की मार्केटप्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर एक समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करने की घोषणा की, जिसके माध्यम से वे साइट पर पंजीकरण एवं बिक्री कर सकेंगे। साथ ही, वालमार्ट ने क्षेत्रीय स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू करते हुए आज जयपुर, राजस्थान में पहले वैश्विक विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया। इन सम्मेलनों के माध्यम से संभावित विक्रेताओं को उपभोक्ताओं एवं कैटेगरी ट्रेंड्स से जुड़ी इनसाइट्स एवं जानकारी प्रदान करते हुए मदद की जाएगी और ऑनबोर्डिंग सपोर्ट व कैटलॉग सेटअप में सहयोग किया जाएगा। सालभर पूरे देश में वैश्विक विक्रेता सम्मेलन आयोजित करने की योजना है। वालमार्ट की इमर्जिंग मार्केट्स एंड बिजनेस डेवलपमेंट वाइस प्रेसिडेंट मिशेल मी ने कहा, 'वालमार्ट के लिए भारत प्राथमिकता वाला बाजार है और समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करना भारतीय विक्रेताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वालमार्ट मार्केटप्लेस विक्रेताओं को दुनियाभर के ग्राहकों तक पहुंच प्रदान करते हुए भारतीय कंपनियों की क्षमता को अनलॉक करने के लिए प्रयासरत है।

# राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में नाटक "12 एंग्री मैन" का प्रभावी मंचन

## कलाकारों के कसावट भरे अभिनय से बंधे रहे दर्शक


**जयपुर,** (का.सं.)। फोर्थ वॉल नाट्य संस्था की ओर से बुधवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मुख्य सभागार में दुनिया के सर्वाधिक खेले जाने वाले नाटक 12 एंग्रीमैन का प्रभावी मंचन हुआ। तमाम कलाकारों के कसावट भरे अभिनय व दमदार कथानक और अच्छी टाइमिंग के साथ सटीक संवाद अदायगी से दर्शक इस बहुचर्चित नाटक के अंत तक बंधे रहे।

अमरीकी नाटककार रेजीनॉल्ड रोज लिखित और रंजीत कपूर रूपांतरित इस नाटक का निर्देशन एनएसडीएन विशाल विजय ने किया। गौरतलब है कि राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के एक साल पूरा होने के उपलक्ष में 17 से 19 अप्रैल तक यहां फाउंडेशन डे सेलिब्रेशन के तहत पहले दिन इस नाटक का मंचन किया गया। नाटक निर्देशक विशाल विजय ने बताया कि फोर्थ वॉल नाट्यय संस्था इस नाटक को साल 2019 से अब तक निरंतर प्रस्तुत कर रही है। नाटक के मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रमुख कलाकारों में कुछ पहली प्रस्तुति से जुड़े हैं और कुछ कलाकारों का यह चौथा शो है। इसके अलावा ओम मीणा, राहुल जांगिड़ और मोहित भट्ट जैसे कलाकार इस नाटक में अभिनय के लिए मुंबई से आए।

इस नाटक का ताना-बाना एक मर्डर केस की बहस के इर्द-गिर्द बुना गया। इस यथार्थवादी नाटक में 12 प्रतिबद्ध कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों को मूत्तर्रूप देकर कमाल की अभिनय जुगलबंदी दर्शायी। कलाकारों ने उम्दा अभिनय से कथानक के अंदरुनी तहों को छूने की पुरजोर कोशिश की। दर्शकों से खचाखच भरे आरआईसी के मुख्य सभागार में फोर्थ वॉल ड्रामेटिक सोसायटी जयपुर की इस बहुचर्चित प्रस्तुति में संचित जैन, अंकित शर्मा, योगेन्द्र सिंह परमार, चित्रार्थ मिश्रा, कमलेश बैरवा, मोहित भट्ट, ऋतिक शर्मा, संदीप मिश्रा, विपिन चौधरी, ओम मीणा, दीपक गुर्जर, राहुल जांगिड़ ने अपने शानदार अभिनय की छाप छोड़ी। जज की आवाज में रुचि भार्गव और गार्ड के रूप में विनय सैनी को दर्शकों की सराहना मिली।

इस नाटक के मुताबिक एक खून के अपराध पर विचार-विमर्श करने और दोषी को सर्वसम्मति से कसूरवार या बेकसूर के फैसले पर पहुंचने के लिए एक 12 सदस्यों की ज्यूरी का गठन किया जाता है, लेकिन ज्यूरी सदस्यों का अहम और उनके निजी पूर्वाग्रह उनके निष्पक्ष निर्णय की भावना में बाधा डालते हैं।

पूरी कार्यवाही के दौरान ज्यूरी सदस्य एक-दूसरे को ज्यूरी नंबर से संबोधित करते हैं, लेकिन अपनी पहचान उजागर नहीं करते हैं। नाटक में प्रकाश संयोजन देशराज गुर्जर, ध्वनि संयोजन विमल मीणा, रूप सज्जा असलम पठान की रही। ध्वनि विन्यास आलोक शर्मा, विहेक, वस्त्र एसए अल्वी, आर्ट ईशाना पारीक की रही। मंच संचालन सिद्धार्थ कुमावत ने किया।



**फोर्थ वॉल नाट्य संस्था की ओर से बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मुख्य सभागार में नाटक 12 एंग्रीमैन का प्रभावी मंचन हुआ।**

## ऑनलाइन ठग गिरोह पकड़ा

**जयपुर** । मानसरोवर पुलिस ने ट्रेनिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाली गैग का खुलासा करते हुए गैंग के खाताधारक सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है आरोपित आरोपित सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम के माध्यम से ट्रेडिंग-टास्क के नाम पर ठगी करते है और अभी तक की पूछताछ में आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनन्द ने बताया कि मानसरोवर पुलिस ने शातिर ठग मेवाराम उर्फ वरूण निवासी कठुमर अलवर हाल मंगल विहार मानसरोवर (खाता धारक), सौरभ निवासी कुईखेडा थाना फाल्जिका (पंजाब) हाल सांगानेर और पारस जाट निवासी कुईखेडा हाल सांगानेर को गिरफ्तार किया है।

## नाहरगढ़ किले पर पहुंचा लेपर्ड

**जयपुर**। नाहरगढ़ किले पर मंगलवार को लेपर्ड पहुंच गया। इस दौरान लेपर्ड करीब 15 से 20 मिनट तक किले की दीवार पर घूमता रहा, बाद में झाड़ियों में घुस गया। इसके बाद वहां जाने वाले लोगों में दहशत का माहौल है।

## सार-समाचार

### शराब ठेका हटवाने के लिए प्रदर्शन



**जयपुर** । निर्माण नगर क्षेत्र व आसपास की आवासीय कॉलोनियों में लोगों ने शराब ठेके का विरोध किया। यह ठेका आवासीय कॉलोनी में बना हुआ है, इसे लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन के बाद जिला आबकारी अधिकारी को भी सूचना दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई । विरोध प्रदर्शन में नटवर लाल शर्मा, सावंत सिंह राठौड़, बी.बी.शर्मा, अरुण गर्ग, कैलाश शर्मा, मोहित गुप्ता, हरिकिशन, विनोद शास्त्री, रामावतार सिंह, शंकर जांगिड़, सम्पत शर्मा, सुरेश जांगिड़ और गजानंद शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

### 'गा मेरे मन गा-सीजन-2' का पोस्टर जारी



**जयपुर,** (का.सं.)। संगीत ग्रुप अरुणाज़ गीत गाता चल की ओर से 20 अप्रैल को प्रस्तुत किए जाने वाले गा मेरे मन गा-सीजन-2 कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ ए एस बालोदा और नवनियुक्त निदेशक सुनीता गुप्ता ने संयुक्त रूप से पोस्टर का विमोचन किया। गा मेरे मन गा-सीजन-2 जाने-माने उदघोषक अमीन सयानी को समर्पित किया गया है। कार्यक्रम में उनके द्वारा प्रस्तुत मशहूर रेडियो कार्यक्रम बिनाका गीतमाला में अपने दौर के सुपर हिट गीतों की महफ़िल सजाई जाएगी। श्रोता 1950 से 1980 के दशक के लगभग 30 मीठे-मधुर गीतों का लुत्फ़ उठा सकते हैं। यह कार्यक्रम 20 अप्रैल को शाम 5.30 राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा के मिनी सभागार में होगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### धमकी देकर बिल्डर से 50 लाख रु.मांगे

**जयपुर** । एक बिल्डर को किसी ने जान से मारने की धमकी देकर पचास लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। मामले की जांच मानसरोवर थाना पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसारी शक्तिनगर त्रिवेणी नगर निवासी योगेश कुमार सैनी ने मामला दर्ज करवाया कि वह बिल्डर है। हाल ही में उसने यह काम शुरू किया है। गत 4 अप्रैल को किसी ने उसके वॉट्सअप कॉल किया और कहा कि अगर तू अपनी जान की सलामती चाहता है तो पचास लाख रुपए दे देना। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि पीड़ित को इंटरनेट सर्वर का उपयोग कर वॉट्सअप कॉल किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। पीड़ित ने कुछ दिनों पहले ही एक कंपनी बनाई है। पीड़ित एक बिल्डर है।

### हत्या का प्रयास करने वाले गिरफ्तार

**जयपुर** । हरमाड़ा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में काफी समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को दौसा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के मामले में काफी समय से फरार चल रहे महावीर सिंह उर्फ लाल और सरदार सिंह उर्फ शेरू को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित मंडावरी जिला दौसा के रहने वाले है।

# अस्पतालों में मरीजों को हुई असुविधा की घटनाओं पर राज्य सरकार गंभीर

## मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यों व अधीक्षकों को स्टैण्डर्ड प्रोटोकॉल की पालना कराने के दिए निर्देश

**जयपुर** । राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में स्टैण्डर्ड प्रोटोकॉल का पालन नहीं होने के कारण विगत दिनों मरीजों को हुई असुविधा के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए समस्त मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों एवं अस्पताल अधीक्षकों को चिकित्सा सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही, हिदायत दी है कि लापरवाही के कारण भविष्य में कोई घटना सामने आती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधीक्षक की होगी तथा दोषी अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि विगत दिनों एसएमएस अस्पताल में मरीज को गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने, कांवटिया अस्पताल के परिसर में महिला का प्रसव होने जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए सभी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यों एवं अधीक्षकों को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पत्र लिखकर दिशा-निर्देश दिए हैं।

- **लापरवाही की घटनाओं की पुनरावृत्ति पर होगी सख्त कार्रवाई**
- **ड्यटी रोस्टर में पारदर्शिता का ध्यान रखते हुए इसकी मॉनिटरिंग अधीक्षक करेंगे**

पत्र में कहा गया है कि चिकित्सालयों में ड्यूटी रोस्टर में पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी चिकित्सक रोस्टर के अनुसार ऑन फ्लोर एवं ऑन कॉल ड्यूटी पर उपस्थित रहें। रेजीडेन्ट चिकित्सकों के कार्यों एवं दायित्वों के सुपरविजन के लिए इमरजेंसी, लेबर रूम, आई.सी.यू. जैसे संवेदनशील स्थानों पर फैकल्टी की ड्यूटी आवश्यक रूप से लगाई जाए। चिकित्सक ड्यूटी रोस्टर के अनुसार सेवाएं दें, इसकी मॉनिटरिंग अस्पताल अधीक्षक के स्तर से की जाएगी। रोस्टर की अवहेलना की स्थिति में प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

### स्टोर निरीक्षण व उपकरणों का मेंटीनेंस नियमित करें

पत्र में अस्पतालों के स्टोर का नियमित भौतिक निरीक्षण करने, सभी उपकरणों एवं रिएजेन्ट्स की समुचित आपूर्ति के साथ ही उपकरणों एवं जांच मशीनों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित करने, ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता की नियमित जांच करने एवं वार्ड, आईसीयू, इमरजेंसी आदि में ऑक्सीजन की सुचारू आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि अस्पताल में पानी एवं बिजली की समुचित आपूर्ति हो। जनरेटर एवं पॉवर बैकअप की व्यवस्था आवश्यक रूप से हो, ताकि बिजली कटौती की स्थिति में जांच-उपचार आदि आवश्यक सेवाएं प्रभावित नहीं हो। कूलर, एसी एवं पंखे क्रियाशील हों और उनका समुचित मेंटीनेंस हो।

### रेजीडेंट्स से रखना होगा परस्पर संवाद

दिशा-निर्देशों के अनुसार अस्पतालों में बेहतर व्यवस्थाओं और समन्वय की दृष्टि से प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को कॉलेज में कार्यरत चिकित्सकों एवं जूनियर रेजीडेन्ट्स से परस्पर संवाद बनाए रखना होगा। व्यवस्थाओं में सुधार के लिए माह में एक बार अनिवार्य रूप से उनके साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

सभी प्रधानाचार्य, अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष वार्ड, आईसीयू, इमरजेंसी, ट्रोमा सेंटर सहित अस्पताल के संवेदनशील स्थानों का रात्रि में औचक निरीक्षण कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कोई भी गंभीर प्रकरण होने पर तत्काल प्रभाव से राज्य सरकर के ध्यान में लाए जाने के निर्देश भी पत्र में दिए गए हैं। इन सभी निर्देशों की पालना रिपोर्ट हर माह की 10 तारीख तक अनिवार्य रूप से चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजनी होगी।

## बोहरा को जान से मारने की धमकी का ई-मेल मिला

**जयपुर** । जयपुर के निवर्तमान सांसद रामचरण बोहरा को जान से मारने की धमकी भरा ई-मेल मिला। उनके ऑफिशियल मेल आईडी पर ई-मेल करके धमकी दी गई है कि दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे तो वहीं जान से मार देंगे। इस संबंध में बोहरा के निजी सहायक अरुण शर्मा ने जवाहर सर्किल थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि बगरू वालों का रास्ता चांदपोल बाजार निवासी अरुण शर्मा ने थाने में बुधवार को मामला दर्ज करवाया है कि वह निवर्तमान सांसद रामचरण बोहरा का निजी सहायक हैं और 2 अप्रैल को वह ऑफिस आकर अपना काम संभाल रखा था। साथ ही सांसद रामचरण बोहरा की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर सभी मेल चेक कर रहा था। इस दौरान अरविन्द कुशवाहा नाम की आईडी से एक मेल आई हुई थी। जिसमें अरविंद कुशवाहा की मेल में लिखा था कि हम आपको जान से मार देंगे। दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं जान से मार देंगे। इस तरह के धमकी भरे मेल मिलने पर सांसद रामचरण बोहरा को जानकारी दी गई।